# मैत्रेयी कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित




**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के मैत्रेयी महाविद्यालय में 27 और 28 अगस्त को प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर हरित्मा चोपड़ा के संरक्षण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण के साथ किया गया। रियाज समिति की छात्राओं ने मैत्रेयी कुल गीत व विश्वविद्यालय कुलगीत गाया। छात्राओं ने मोहिनीअट्टम व पुष्पांजलि नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की छठा सांस्कृतिक पुट के साथ देखने लायक थी। मैत्रेयी महाविद्यालय विद्या और ज्ञान का केंद्र है। यहां छात्राओं के व्यक्तित्व व कौशल निर्माण के लिए अनंत संभावनाएं हैं। प्राचार्या प्रोफेसर हरित्मा चोपड़ा ने छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि मैत्रेयी महाविद्यालय का सौहार्दपूर्ण वातावरण उनके चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है । महाविद्यालय के सभी उपादान शैक्षणिक व प्रशासनिक , छात्राओं के विकास में रत रहते हैं । इसके साथ-साथ प्राचार्या महोदया ने यह भी कहा कि छात्राओं की अब तक की शैक्षणिक यात्रा का श्रेय उनके माता-पिता को जाता है । उन्होंने यह भी कहा कि विकसित भारत को तैयार करने में छात्राओं का बहुत बड़ा योगदान होगा। महाविद्यालय में देश के कोने-कोने से विद्यार्थी आए हैं सब की भाषा व संस्कृति अलग-अलग है अतः सभी विद्यार्थियों को एक दूसरे की भाषा व संस्कृति का सम्मान करना चाहिए । कार्यक्रम में मैत्रेयी पत्रिका का विमोचन किया गया । वहां उपस्थित सभी छात्राओं व शिक्षकों को पत्रिका वितरित की गई । डॉ. पूनम जुनेजा व अरुणा सलूजा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति वह विभिन्न प्रकार के कोर्सेज के विषय में विस्तार से बताया । पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. प्रदीप राय ने कॉलेज लाइब्रेरी की सुविधाओं के विषय में बताया । अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका कृशांगी सिंह व श्वेता सिंह ने शॉर्ट टर्म कोर्स की जानकारी दी। डॉ. मीना यादव व डॉ. ब्रोतोती ने सेंटर फॉर रिसर्च को समझाते हुए छात्राओं को रिसर्च की संभावनाओं की जानकारी दी । इसके अलावा प्लेसमेंट सेल, एंटरप्रेन्योरशिप सेल, एन.एस. एस.,इनेबलिंग यूनिट, फिजिकल एजुकेशन, स्टार्टअप बाजार, आइक्यूएसी की जानकारी भी इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में दी गई। डॉ मंजू मेहता ने एंटी रैगिंग समिति का महत्व बताते हुए छात्राओं के आत्मविश्वास में वृद्धि की । मैत्रेयी एनसीसी की एस. यू. ओ. देविका सिंह व जे.यू.ओ. जोया शर्मा ने एनसीसी यूनिट के विषय में बताया । कार्यक्रम में सभी पाठ्यक्रमों के विषय में विस्तार से बताया गया। इसके अलावा 29 अगस्त को विभिन्न विभागों का ओरिएंटेशन भी तय किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्रा यूनियन हरप्रिया (अध्यक्ष), रिद्धिमा (उपाध्यक्ष), हर्षिता (जनरल सेक्रेटरी), इशिता (कोषाध्यक्ष) ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी व उनका स्वागत किया। यह कार्यक्रम स्टूडेंट एडवाइजरी कमेटी (डॉ. दिव्या सिंह, डॉ राखी, डॉ. लूनी) के सहयोग से आयोजित किया गया।ओरिएंटेशन का यह कार्यक्रम चार अलग-अलग सेशन में आयोजित किया गया । यह कार्यक्रम यूट्यूब पर ऑनलाइन भी प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक गण , छात्राएं व उनके माता-पिता उपस्थित थे।

# विकसित भारत को तैयार करने में छात्राओं का होगा बहुत बड़ा योगदान : प्रोफेसर हरित्मा चोपड़ा

## मैत्रेयी कॉलेज ओरिएंटेशन कार्यक्रम 2024

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के मैत्रेयी महाविद्यालय में प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर हरित्मा चोपड़ा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण के साथ किया गया। रियाज समिति की छात्राओं ने मैत्रेयी कुल गीत व विश्वविद्यालय कुलगीत गाया। छात्राओं ने मोहिनीअट्टम व पुष्पांजलि नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की छटा सांस्कृतिक पुट के साथ देखने लायक थी। मैत्रेयी महाविद्यालय विद्या और ज्ञान का केंद्र है। यहां छात्राओं के व्यक्तित्व व कौशल निर्माण के लिए अनंत संभावनाएं हैं। प्राचार्या प्रोफेसर



हरित्मा चोपड़ा ने छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि मैत्रेयी महाविद्यालय का सौहार्दपूर्ण वातावरण उनके चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। महाविद्यालय के सभी उपादान शैक्षणिक व प्रशासनिक, छात्राओं के विकास में रत रहते हैं। इसके साथ-साथ प्राचार्या ने यह भी कहा कि छात्राओं की अब तक की शैक्षणिक यात्रा का श्रेय उनके माता-पिता को जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि विकसित भारत को तैयार करने में छात्राओं का बहुत बड़ा योगदान होगा। महाविद्यालय में देश के कोने-कोने से विद्यार्थी आए हैं सब की भाषा व संस्कृति अलग-अलग है अतः सभी विद्यार्थियों को एक दूसरे की भाषा व संस्कृति का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में मैत्रेयी पत्रिका का विमोचन किया गया। वहां उपस्थित सभी छात्राओं व शिक्षकों को पत्रिका वितरित की गई।डॉ. पूनम जुनेजा व अरुणा सलूजा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति व विभिन्न प्रकार के कोर्सेज के विषय में विस्तार से बताया। पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. प्रदीप राय ने कॉलेज लाइब्रेरी की सुविधाओं के विषय मे बताया।अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका कृशांगी सिंह व श्वेता सिंह ने शॉर्ट टर्म कोर्स की जानकारी दी। डॉ. मीना यादव व डॉ. ब्रोतोती ने सेंटर फॉर रिसर्च को समझाते हुए छात्राओं को रिसर्च की संभावनाओं की जानकारी दी। इसके अलावा प्लेसमेंट सेल, एंटरप्रेन्योरशिप सेल, एनएस एस. ,इनेबलिंग यूनिट, फिजिकल एजुकेशन, स्टार्टअप बाजार, आइक्यूएसी की जानकारी भी इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में दी गई। डॉ. मंजू मेहता ने एंटी रैगिंग समिति का महत्व बताते हुए छात्राओं के आत्मविश्वास में वृद्धि की। मैत्रेयी एनसीसी की एसयूओ. देविका सिंह व जेयूओ जोया शर्मा ने एनसीसी यूनिट के विषय में बताया। कार्यक्रम में सभी पाठ्यक्रमो के विषय में विस्तार से बताया गया। इसके अलावा 29 अगस्त को विभिन्न विभागों का ओरिएंटेशन भी तय किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्रा यूनियन हरप्रिया (अध्यक्ष), रिद्धिमा (उपाध्यक्ष), हर्षिता (जनरल सेक्रेटरी), इशिता (कोषाध्यक्ष) ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी व उनका स्वागत किया। यह कार्यक्रम स्टूडेंट एडवाइजरी कमेटी (डॉ. दिव्या सिंह, डॉ. राखी, डॉ. लूनी) के सहयोग से आयोजित किया गया।ओरिएंटेशन का यह कार्यक्रम चार अलग-अलग सेशन में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम यूट्यूब पर ऑनलाइन भी प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक , छात्राएं व उनके माता-पिता उपस्थित थे।

# अभिविन्यास कार्यक्रम में छात्राओं को प्रो. प्रदीप राय ने दी जानकारी, पुस्तकालय का कैसे करें भरपूर उपयोग

## मैत्रेयी महाविद्यालय में नए शैक्षणिक- सत्र में अभिविन्यास कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नई दिल्ली ।मैत्रेयी महाविद्यालय के पुस्तकालय द्वारा नए शैक्षणिक सत्र 2024 –2025 के शुरुआत में शुक्रवार को अभिविन्यास कार्यक्रम मैत्रेयी



महाविद्यालय के नवीन खंड के सेमिनार कक्ष में तीन वर्गों में कोर्स (विज्ञान,वाणिज्य तथा आट्र्स )के अनुरूप किया गया द्यजिसमें पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. प्रदीप राय द्वारा पुस्तकालय का कैसे भरपूर उपयोग किया जाए इस पर जानकारी दी, जिसमें पुस्तकालय की रुपरेखा ,उसकी सेवाओं और संसाधनों के बारे में बताया द्यसेवाओं में वेबसाइट पर ष्लाइब्रेरी टैब ष में सम्मल्लित जानकारी ,पुराने साल के प्रश्न–पत्रों ,स्लेबस , घ्न –लिस्ट , डेलनेट ,डी .यूएलएस,के ई–- संसाधनों तथा डी .यू ,ई–घ्प के बारे में बतायाद्य कार्यक्रम के समापन पर गूगल फॉर्म द्वार पुस्तकालय की सदस्यता लेने की सुविधा भी उपलबध करवाई गई द्य कार्यक्रम में लगभग 300 के करीब छात्राओं तथा पुस्तकालय कर्मियों ने भाग लेकर उसे सफल बनाया